झारखण्ड सरकार

# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
## हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com

MOMENTUM JHARKHAND
The investment destination
GLOBAL INVESTORS' SUMMIT201
16-17 February, Ranchi

पत्रांक : 6370 दिनांक: 28/11/2016

सेवा में,

श्री रामचन्द्र मेहता,
मेसर्स रामचन्द्र मेहता, कैप्टन आनन्द अर्पणा देवी,
ग्राम –बिगहा, पो0–फुलबेरिया,
थाना– नवलसराई, जिला– कोडरमा,
झारखण्ड; पिन– 825418

विषयः– **मेसर्स रामचन्द्र मेहता, कैप्टन आनन्द अर्पणा देवी द्वारा करमा स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट हेतु 14.17 हे0 वनभूमि के अपयोजन प्रस्ताव में स्थलीय निरीक्षण के कम में पायी गई त्रुटियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव समर्पित किये जाने के संबंध में।**

प्रसंग :– **इस कार्यालय का पत्रांक 5927 दिनांक 28.10.2016 एवं आपका पत्रांक शुन्य दिनांक 31.10. 2015, इस कार्यालय का पत्रांक 6112 दिनांक 09.11.2016 तथा आपका पत्रांक शुन्य दिनांक 14.11.2016**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्रों के संदर्भ में सूचित करना है विषयोक्त प्रस्ताव के स्थलीय निरीक्षण के कम में स्थल पर कुछएक त्रुटियॉ पायी गई थी, जिसके निराकरण हेतु आपको इस कार्यालय के पत्रांक 5927 दिनांक 28.10.2016 द्वारा पत्र लिखा गया था। आपके पत्रांक शुन्य दिनांक 31.10.2016 द्वारा वांछित त्रुटियों का निराकरण किये बिना ही त्रुटिपूर्ण प्रस्ताव पुनः समर्पित किया गया। उक्त के आलोक में पूनः आपको इस कार्यालय के पत्रांक 6112 दिनांक 09.11.2016 द्वारा त्रुटिपूर्ण पस्ताव वापस करते हुए संशोधित प्रस्ताव समर्पित करने हेतु पत्र लिखा गया। उक्त के आलोक में आपके पत्रांक शुन्य दिनांक 14. 11.2016 द्वारा पुनः त्रुटियों का निराकरण किये बिना ही प्रतिवेदन समर्पित किया गया।

स्थल पर पायी गई त्रुटियों के कम में जॉच GIS Cell हजारीबाग में करवाया गया। जॉच के कम में पाया गया कि प्रस्तावित स्थल के दक्षिणी भाग में अवस्थित कुछएक पीलरस कॉटी वन क्षेत्र में पड रहे है। इस संबंध में दिनांक 10.11.2016 को आपसे विचार विमर्श भी किया गया एवं GIS Cell हजारीबाग द्वारा समर्पित जॉच रिपोर्ट का अवलोकन कराते हुए संशोधित प्रस्ताव समर्पित करने हेतु आपको निदेशित किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्णतः आश्वस्त होने हेतु स्थल पर पायी गई त्रुटियों के कम में

Cyber swift infotech (P) Lts. Kolkata से मौजा करमा का DGPS सर्वे करवाया गया तथा प्रस्तावित स्थल को मौजा करमा के Geo referenced map पर Super impose कर देखा गया। जॉच के क्रम में यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि आवेदित स्थल में अवस्थित पीलर संख्या BP 1, BP 9, BP 16, BP17, एंव BP14 मौजा करमा के बाउण्ड्री बाहर मौजा कांटी में अवस्थित पाया गया जो कोडरमा वन प्रमण्डल के क्षेत्राधीन है एवं पीलर संख्या BP 13, BP 18 एंव BP15 बिलकुल मौजा करमा एवं मौजा कांटी के सीमा रेखा पर है।

अतः उपरोक्त के आलोक में निदेशित किया जाता है कि वांछित त्रुटियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव समर्पित किया जायं। समर्पित प्रस्ताव ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन मूल रूप में सभी प्रतियों के साथ आपको वापस किया जा रहा हैं। भविष्य में समर्पित किये जाने वाले संशोधित प्रस्ताव में यह सुनिश्चित किया जाय कि आवेदित स्थल मौजा करमा के ग्राम बाउण्ड्री पर न हो बल्कि बाउण्ड्री के अन्दर हो, जिससे कि ग्रामों के सीमा के संबंध में किसी भी प्रकार का संदेह एवं विवाद उत्पन्न न हो। तदनुसार माईनिंग बाउण्ड्री को पीलर द्वारा सीमांकित किया जाय, ताकि मौजा करमा से सटे कॉटी वन क्षेत्र में कराये गये वनरोपण पर इसका कुप्रभाव/क्षति न हो। साथ ही साथ वन संरक्षण अधिनियम 1980 के सु–संगत प्रावधानों के तहत् माईनिंग लीज क्षेत्र के अन्दर 7.5 मीटर चौडी पट्टी पर ग्रीन जोन बनाना प्रावधानित एवं बाध्यकारी है।

आपका विश्वासी,

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक :– 6370 दिनांक :– 28/11/2016
प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग को सूचनार्थ समर्पित।

28/11/16

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल
28/11/16